फर्द अहकाम

मै० उलोरी इन्फ्राटेक प्रा०लि० बनाम परवीन मास्टर

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला कोटपूतली–बहरोड़

केस संख्या 163 / 2023 अपील

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
20/9/23	राजस्व (ग्रुप–1) विभाग राजस्थान सरकार की अधिसूचना दिनांक 05.08.2023 के अनुसार दिनांक 07.08.2023 से नवजिला कोटपूतली – बहरोड का सृजन किये जाने से पत्रावली न्यायालय जिला कलक्टर/न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर II अलवर से स्थानान्तरण होकर प्राप्त होने पर पेश हुई। प्रकरण दर्ज रजिस्टर हो। पक्षकारान/वकील उभयपक्षकारान को अदालती नोटिस जारी हो। पत्रावली दिनांक 08/11/23 को पेश हो। जिला कलक्टर कोटपूतली–बहरोड	152-153-154 18/10/23
8/11/23	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी/अपी० ~~उपस्थित~~ / अनु० पीठासीन अधिकारी अन्य राजकार्य में व्यस्त है। पत्रावली वास्ते 8/1/24 दिनांक 10/1/24 को पेश है।	
10/1/24	आज पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्ष उपस्थित /अनुपस्थित/पीठासीन अधिकारी आज अवकाश /दौरे/मिटिंग/अन्य कार्य में व्यस्त है। पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 20/2/24 को पेश हो। अपीलार्थी को जारी अदालती नोटिस बुलाए पते पर नहीं रहना बताया जाकर वापिस प्राप्त हुआ है। रीडर	
20/2/24	पत्रावली आज पेश हुई। प्रकरण का अवलोकन किया गया। इस न्यायालय से अपीलार्थी को जारी नोटिस अपीलार्थी के अपील में नियुक्त पते पर नहीं पाया गया तथा न ही इस न्यायालय में अपीलार्थी स्वयं व उनके अधिवक्ता उपस्थित नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलार्थी प्रकरण में पैरवी हेतु रुचि नहीं लेकर उपस्थित नहीं आ रहे है। अतः अपील हाजरी अपील पैरवी के अभाव में खारिज किया जाता है। पत्रावली अभिलेख अपील होकर दाखिल दफ्तर हो। जिला कलेक्टर कोटपूतली–बहरोड़	